प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग में रेल हादसा, 8 की मौत, 50 घायल, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हादसे पर जताया दुख।

2- सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, हथियारों के साथ दो गिरफ्तार।

3- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा, यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी।

4- राज्य के गढ़वा, पलामू और चतरा समेत कई जिलों में हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, राजधानी रांची में आज बारिश का जताया पूर्वानुमान।

*******************

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए रेल दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गयी है। वहीं 50 लोग घायल हो गए हैं। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दार्जिलिंग में रेल दुर्घटना के कारण लोगों की मृत्यु दुखद है। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राष्ट्रपति ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और राहत तथा बचाव कार्यों की सफलता के लिए प्रार्थना की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के सभी क्षेत्रों में आज ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जा रहा है। विभिन्न मस्जिदों में सुबह से ही मुस्लिम समुदाय को लोगों ने नमाज अदा करने के बाद एक दूसरो को बधाइयां दी।

इधर पाकुड और गिरिडीह में भी ईद–उल–अजहा हर्षोल्लास मनाया जा रहा है। बकरीद पर्व के मौके पर जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों के ईदगाहों और मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा करते हुए अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। वहीं इस मौके पर शहर और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। आप अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 के माध्यम से दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि– पीएम–किसान के तहत 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे। नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को किस्त की रकम सीधा उनके खाते में भेजी जायेगी। इस योजना के तहत अब तक 11 करोड़ से ज्यादा किसान परिवारों को तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ मिल चुका है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।
*******************

जामताड़ा जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं । किसानों को प्रशिक्षण एवं अनुदानित दर पर उत्तम बीज उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

*******************

सरकार के हर किसान मिलेट्स किसान थीम पर इस वर्ष भी साहिबगंज जिले के किसानों को मोटे अनाजों की खेती करने के लिए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने बताया कि झारखंड मिलेट्स मिशन से संबंधित मोटे अनाजों की खेती के लिए किसानों को 3000 रुपए प्रति एकड़ और अधिकतम पांच एकड़ तक के मोटे अनाजों के लिए 15000 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को 30 अगस्त तक प्रज्ञा केंद्रों में जाकर आवेदन जमा करना होगा।

*******************

गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड के लतौना ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में दिल्ली से आए प्रशिक्षक अशोक त्यागी और उनकी टीम की ओर से पंचायत स्तरीय कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग की ओर से लतौना ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बता दें कि लतौना गांव को आइ एस ओ सर्टिफिकेशन देने के लिए चयन किया गया है। दिल्ली से आए प्रशिक्षकों ने बताया कि आइ एस ओ कि मानकों को पूरा कर पंचायतों को जल्द से जल्द आईएसओ प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत बनाने के लिए कर्मियों को ट्रेनिंग दी गई।

*******************

राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने मादक द्रव्यों और नशीले पदार्थो के सेवन को रोकने और छात्रों में इसके बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए 18 जून से 25 जून तक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राज्य के सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त,गैर सहायता प्राप्त,अल्पसंख्यक और निजी विद्यालयों में यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों को नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा।

*******************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर एक्सएलआरआई प्रेक्षागृह में कल ऑल इंडिया हो फिल्म संगठन की ओर से नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल सिने अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सिने अवार्ड समारोह में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार बार बिता हासा लागिड को दिया। वहीं बेस्ट एक्टर और एक्ट्रेस का पुरस्कार अरबिन तियू और पार्वती सूरी को दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के किसी भी भाषा में कार्यक्रम करने पर सहयोग देने की बात कही।

*******************

राज्य के कई जिलों में हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। गढ़वा,पलामू और चतरा में मौसम विभाग ने लोगों से हीट वेव से बचाव की अपील की है। वहीं राजधानी रांची और आसपास के इलाके में आज मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी है।

*******************

राजधानी रांची में पहली बार महिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप का आयोजन होगा। स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 जून को होगा। बता दें कि छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है और इस लीग में रांची जिले की 19 टीमें हिस्सा लेंगी।

*******************

हजारीबाग के झील परिसर स्थित बास्केट बॉल पिच पर स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड समेत अन्य राज्यों से 5 साल से 16 साल तक के 150 स्केटिंग प्लेयर शामि हुए। चैंपियनशिप में शामिल होकर बच्चे काफी खुश नजर आए। कोच अकरम खान ने बताया कि आने वाले दिनों में यहां के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर अच्छा करेंगे। इस तरह के आयोजन से खिलाडियों को प्रोत्साहन भी मिलता है।

*******समाप्त*******